हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 23 जनवरी 2024

04 अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के चलते देवास हो गया ...



09 कोल्ड डेः पत्तियों पर जमीं ओस की बूंदें, फसलों पर...





### संपूर्ण नगर बना अयोध्या, हुए विभिन्न आयोजन, राम भक्तों ने जमकर की आतिशबाजी

# भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा होते ही खुशी से झूमे भक्त, राम नाम से गूंजा समूचा नगर





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिस पल का भक्तों को बेसब्री से इंतजार था अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का वह पल आते ही नगर सहित ग्रामीण अंचल में भक्त खुशी से झूम उठे। जय जयकारों से आसामान गूंज उठा, जमकर आतिशबाजी की गई। मंदिरों में आरती होने लगी, घंटे घड़ियाल बजने लगे। ऐसा लगने लगा मानो संपूर्ण नगर अयोध्या बन गई हो।

सोमवार को अयोध्या में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस उपलक्ष्य में नगर में प्रातः भव्य प्रभातफेरी निकाली गई। जिसके बाद नगर के सभी मंदिरों में धार्मिक आयोजन प्रारंभ हो गए। भक्त प्राण प्रतिष्ठा के समय से एक घंटे पहले से ही टीवी, प्रोजेक्टर व बड़ी स्क्रीन के सामने बैठ गए। नगर के लगभग सभी मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखने के लिए टीवी स्क्रीन लगाई गई थी। चौक बाजार में बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी जहां बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा कार्यक्रम देखा गया।

जैसे ही प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई सम्पूर्ण नगर कुछ समय के लिए प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। नगर में स्थान स्थान पर जमकर आतिशबाजी की गई। वैसे नगर में आतिशबाजी का दौर प्रभातफेरी के दौरान ही प्रारम्भ हो गया था जोकि देर रात्रि तक जारी रहा। जैसे ही प्राण प्रतिष्ठा हुई नगर के सभी मंदिरों में महाआरती प्रारंभ हो गई। घंटे, घड़ियाल, शंख बजने लगे। भक्त खुश होकर भगवान की भक्ति में लीन हो गए। महाआरती के पश्चयात महाप्रसादी का वितरण हुआ। मंदिरों के अतिरिक्त नगर में कई स्थानों पर भक्तों द्वारा महाप्रसादी का वितरण किया गया। माँ बगलामुखी मंदिर, श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, मूर्ति श्रीराम मंदिर सहित कई मंदिरों पर अन्नकूट का आयोजन हुआ।

### महिलाओं ने रंगोली से सजाए घर आंगन



सोमवार को प्रातःकाल से ही महिलाएं व बालिकाएं प्रभु श्रीराम के आगमन पर उनके स्वागत में घर आंगन संजाने में लग गई थी। नगर में लगभग प्रत्येक घर आंगन में रांगोली सजाई गई। मंदिरों में भी आकर्षक रांगोली सजाई गई। कही विशाल राम मंदिर तो कही प्रभु श्रीराम तो कही राम दरबार की रांगोली बनाई गई। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर बड़े बड़े बैनर लगाने के साथ ही सम्पूर्ण मार्ग पर रंगोली बनाई गई थी। नगर की जायसवाल कॉलोनी में भी राम भक्त परिवारों द्वारा अपने अपने-अपने घरों के आंगन में तथा सामने विभिन्न रंगों से सुंदर-सुंदर रंगोली बनाई गई तथा रंगोली को दीपों से सजाया गया।

### मिट्टी के दीपकों से रोशन हुआ नगर

सोमवार की शाम को नगर में वास्तविक रूप से दीपावली सा नजारा दिखाई दिया। हर घर विद्युत सज्जा व मिट्टी के दीपकों से रोशन हो रहा था। शाम से लगाकर देर रात तक जमकर आतिशबाजी हुई।

### हर मंदिर में हुए धार्मिक आयोजन

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर नगर में उत्साह चरम बिंदु पर दिखाई दिया। नगर के प्रत्येक मंदिर पर धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुए। कहीं महाआरती तो कहीं सुंदरकांड वा भजन संध्या का आयोजन हुआ। महिलाएं दिनभर मंदिरों में भजन कीर्तन करती रहीं। चौक बाजार में प्राण प्रतिष्ठा होते ही सुंदरकांड व भजन संध्या प्रारम्भ हो गई। सायंकाल महाआरती व अन्नकूट का आयोजन हुआ।



## नलखेड़ा में भी श्रीराम मंदिर में हुई भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा

**नलखेड़ा।** 500 वर्ष प्राचीन मूर्ति श्रीराम मंदिर के जीर्णोद्धार उपरांत नवीन सिंहासन पर भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। नगर में स्थित मूर्ति श्रीराम मंदिर के जीर्णोद्धार उपरांत नवीन सिंहासन पर राम, लक्ष्मण एवं माता सीता की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा सोमवार को संपन्न हुई। पंडित प्रमोद शर्मा एवं अन्य पंडितों द्वारा तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। इस दौरान नगर के संतश्री सांदीपेंद्र महाराज एवं अन्य संत भी उपस्थित थे। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भगवान की महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। महाआरती के बाद कन्या पूजन, कन्या भोज का आयोजन हुआ, जिसके बाद अन्नकूट का आयोजन किया गया। अन्नकूट में बड़ी संख्या में भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।



## सोमवार को संकीर्तन में 6 हजार के करीब राम भक्त शामिल हुए

### स्टॉल लगाकर राम भक्तों का सम्मान किया



**कानड़।** 6 जनवरी से शुरू हुए संकीर्तन में प्रतिदिन प्रभात फेरी में राम भक्त शामिल हुए, लेकिन 22 जनवरी को सारे रिकॉर्ड टूट गए। श्रद्धालुओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महोउत्सव में अपनी भागीदारी दर्ज कराकर भगवान के प्रति अपार श्रद्धा का परिचय दिया। शिव डेरा स्थित भूतेश्वर मंदिर से संकीर्तन सुबह 5 बजे शुरू हुआ जो लगभग 5 किलोमीटर नगर भ्रमण के उपरांत समापन स्थल पर पहुंचा। इस दौरान नगर में अनेक स्थानों पर विभिन्न संगठनों द्वारा संकीर्तन में शामिल भक्तों के लिए प्रसाद स्वरूप जलपान खिचड़ी हलवा गुलाब जामुन पोहा आदि के स्टॉल लगाकर राम भक्तों का हृदय से सम्मान किया गया। संकीर्तन में कड़ाके की सर्दी के बावजूद हजारों की संख्या में हर उम्र के लोग शामिल हुए। 22 जनवरी को संकीर्तन में 6000 के लगभग श्रद्धालु राम भक्त शामिल हुए।

### नगर सजा दुल्हन जैसा

22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर नगर दुल्हन सा सजाया गया बैनर,कट आउट,पोस्टर, भगवा ध्वज, लग्गी से नगर की हर गली मोहल्ले में नगर को दुल्हन सा सजाया गया। ऐसा प्रतीत होने लगा मानव अयोध्या नगरी उतारकर कानड़ में ही आ गई हो।

## नगर की बेटियों ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर और भक्त वीर हनुमानजी की सुंदर रंगोली को बनाया



**कानड़।** नगर के प्रसिद्ध बिजासन माता मंदिर प्रांगण में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को सुबह नगर की बालिकाओं ने अयोध्या में निर्मित भगवान राम के मंदिर एवं वीरभक्त हनुमान जी का रंग-बिरंगे रंगों से उनकी आकृति को ऊकेर कर एक सुंदर कलाकृति नगर की बेटियों के द्वारा की गई है, जिसे यहां दर्शनार्थ सैकड़ो लोगों ने देख कर खूब प्रशंसा की। इसी तरह नगर की नेताजी कॉलोनी में मुख्य द्वार से लेकर पूरी कॉलोनी के अंदर लगातार 21 रंगोलिया विभिन्न आकृतियों में यहां की बेटियों द्वारा बनाई गई जिन्हें रंग-बिरंगे रंगों से स्वास्तिक से लेकर विभिन्न आकृतियों से सुसज्जित किया गया है यहां भी हर कोई आने जाने वाले ने जब इसे देखा तो उनकी कलाकृति की प्रशंसा की।



## राम गायत्री दीप यज्ञ का हुआ आयोजन

**नलखेड़ा।** राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में स्थानीय चौक बाजार में राम गायत्री दीप यज्ञ का आयोजन हुआ। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर की महिला मंडल द्वारा रविवार सायं 7 बजे से स्थानीय चौक बाजार में पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने राम गायत्री दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं पीले कलर की साड़ी में 7-7 दीपक लेकर पहुंचीं जो उनके द्वारा हनुमान मंदिर पर लगाए गए। कार्यक्रम में राम दरबार की झांकी सजाई गई थी। वहीं मंच से दीप नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान ही पंचमुखी हनुमान जी की महाआरती हुई।



### राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर नगर परिषद ने चलाया सफाई अभियान

**नलखेड़ा।** अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा सोमवार को नगर के सभी प्रमुख मार्गों की साफ सफाई करवाकर पूरे मार्ग को पानी से धुलवाया गया। वहीं परिषद द्वारा नगर के सभी मंदिरों तथा मार्गों पर विभिन्न रंगों से लाइनिंग भी की गई।

## बच्चों ने नगर में निकाली शोभायात्रा, ढोल मंजीरे बजाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में नागरिकों के साथ ही बच्चों में भी अपार उत्साह दिखाई दिया। सोमवार को बच्चों ने प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप एवं राम दरबार के बड़े बड़े चित्र अलग अलग हाथ ठेलों पर रखकर उनकी शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी बात यह थी कि बच्चे स्वयं ढोलक एवं ढोल बजाते चल रहे थे एवं हाथ ठेले भी स्वयं चला रहे थे। जय-जय सियाराम के नारे लगाते बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली इस शोभायात्रा को जिसने भी देखा वह बच्चों की आस्था व उत्साह से अभिभूत दिखाई दिया।

### जायसवाल कॉलोनी की पूरी सड़क पर बनाई रंगोली

सोमवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर की जायसवाल कॉलोनी की एक गली की पूरी सड़क पर रहवासियों ने मिलकर रंगोली बनाई। सड़क पर कहीं पर भी पैदल तक चलने का स्थान नही बचा था। रहवासी भी इधर उधर से या रंगोली को बचाकर निकल रहे थे।

### रामलला के आगमन में राममय हुआ शिशु मंदिर

**नलखेड़ा।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में भगवान श्रीराम के आगमन की तैयारी की गई, जिसमें आचार्य परिवार द्वारा विभिन्न रंगोलिया, तोरण द्वार विभिन्न प्रकार से भवन को सजाया। रामलाल के आगमन की तैयारी में कई छोटे-छोटे कार्यक्रम हुए। भगवान श्रीराम का परिचय छोटे-छोटे बच्चों को करवाया। 22 जनवरी को भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का सीधा अयोध्या से प्रसारण नगर के दो केंद्रों गणपति चौराहा और शिवाजी चौराहे पर विद्यालय द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रदर्शन दिखाया गया। कई भक्तों ने भगवान राम के दर्शन किए इस पूरे कार्यक्रम में विद्यालय की नलखेड़ा शिक्षण समिति का सहयोग रहा, समिति के सचिव गोविंद वेदिया और प्राचार्य शिवराम प्रजापति पूरे समय उपस्थित रहे। नलखेड़ा नगरवासियों का आभार प्रधानाचार्य ईश्वर सोलंकी ने माना।


### भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के दौरान मंदिरों में हुई महाआरती

## मंदिरों में हवन और यज्ञ हुए, महाप्रसादी बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

22 जनवरी को नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में स्थित मंदिरों में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की महाआरती उतारी गई। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। वहीं मंदिरों को विशेष रंग बिरंगी विद्युत रोशनी से सजाया गया और मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया। दोपहर 12:20 पर शंख घड़ियाल आदि बजाकर महाआरती की गई और भगवान जी की स्तुति की गई। वहीं मंदिरों में प्रातः काल हवन एवं यज्ञ के कार्यक्रम भी संपन्न हुए। मुख्य रूप से नगर के कनकेश्वर महादेव मंदिर, बड़ा राम मंदिर शिव पहाड़ी स्थित रामलाल धाम मंदिर कन्याशाला स्कूल राम मंदिर स्थित सहित नगर के सभी मंदिरों पर महोत्सव के रूप में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के स्तुति की गई। इसके उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया गया। वहीं इसी को लेकर नगर के हर मोहल्ले में हर घर के सामने दीपक जलाए गए और जोर-शोर से आतिशबाजी की गई। वहीं घरों एवं प्रतिष्ठानों पर दीपक से रोशन किया गया





**खबर संक्षेप**

## रामभय अंचल, कही भंडारे तो कहीं पर निकाले चल समारोह




**चापडा।** अयोध्या में निर्मित श्री राम मंदिर में हुए प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष में बागली तहसील अंचल पूरा राममय हो गया। सोमवार के दिन सुबह से ही प्रभात फेरिया निकल गई। इसके पश्चात भगवान श्री राम का चल समारोह निकाला गया। बागली तहसील मुख्यालय सहित नगर चापड़ा में भी यदुवंशी अहीर व्यामशाला चापडा अखाड़े के साथ में भव्य चल समारोह का आयोजन हुआ। पूरा नगर राम मय हो गया। सभी राम के भजनों पर झूम रहे थे। चल समारोह श्री राम मंदिर से प्रारंभ हुआ जो की मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचा। जहां पर प्रभु श्री राम की महाआरती की गई। साथ ही आयोजित यज्ञ में सभी ग्रामीणों ने आहुतियां दी। इस दौरान चल समारोह का जगह-जगह पर स्वागत हुआ। इस दौरान पूरा नगर राम मय हो गया। हर एक व्यक्ति श्री राम में रंग में रंग गया। इस दौरान बागली तहसील अंचल ग्रामीण में भी प्रत्येक गांव में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष में भव्य आयोजन हुए। खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति द्वारा हनुमान जी का अभिषेक किया गया। साथ पूरे नगर में प्रसादी का वितरण समिति की ओर से किया गया। चल समारोह में भजन गायकर संदीप वैष्णव द्वारा गाए गए भजनों पर महिलाएं झूमते हुए नजर आईम राम मंदिर पर महा आरती के साथ चल समारोह का समापन हुआ।

### निगम कार्यालय में भी मनाया महोत्सव

**देवास।** 22 जनवरी सोमवार को भगवान श्री रामलला के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देवास नगर निगम ने 14 से 21 जनवरी तक 45 ही वार्डों में देवालयों व मंदिर परिसर के आस पास साफ सफाई की। सोमवार के दिन निगम कार्यालय में निगम कर्मचारी चित्रकार व रांगोलीकार राजेश परमार द्वारा निगम परिसर में भगवान रामलला का रांगोली से चित्र बनाकर उत्साह के साथ प्राण प्रतिष्ठा को एक पर्व के रूप मे मनाया गया। सभापति रवि जैन ने चित्रकार राजेश परमार की प्रशंसा करते हुए नगर निगम कर्मचारियों के साथ उत्सव मनाया। इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, सहायक यंत्री इंदुप्रभा भारती, जगदीश वर्मा, राजस्व अधिकारी प्रदीप शास्त्री, प्रवीण पाठक, कार्यालय अधिक्षक अशोक उपाध्याय, स्थापना प्रभारी अशोक देशमुख, जनसम्पर्क अधिकारी उमेश चतुर्वेदी, सहित राघवेन्द्र सेन, संजय सांगते, ताराचंद चौधरी, प्रहलाद चौहान, शेरसिह गोहिल, ब्रजमोहन सराठे, रईस शेख, मों. सिद्दीक, नितीन नरवरिया, नारायण योगी, नारायण श्रीवास, रूपा राठौर, संजू वर्मा एवं अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया। प्राण प्रतिष्ठा के इस पावन अवसर पर महापौ गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक व महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने शहरवासियों सहित निगम परिवार को शुभकामनाऐं दी।

**मंदिरों में आरती और महाप्रसादी वितरण के साथ ही शहर में दिन भर होती रही आतिशबाजी**

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के चलते देवास हो गया राममय हर तरफ गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष, किए भंडारे





## शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में प्राण प्रतिष्ठा को लाइव देख भावुक हुए रामभक्त, राम की पहली झलक देख छलके आंसू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो गई है। प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देश के साथ शहर के भक्तों ने भी लाइव देखा। जैसे ही भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा हुई तो सागर जय-जय श्रीराम के जयघोषों से गूंज उठा। हर तरफ जय श्रीराम के जयकारों के साथ आतिशबाजी की गई। मंदिरों में दीप जलाकर आरती और पूजा-पाठ किया गया। भगवान श्रीराम मंदिर के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कई कार्यक्रम शहर के मन्दिरो में आयोजित किए गए। शहर में कई जगह बड़ी स्क्रीन लगाए गए। जिनमें अयोध्या से प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। जिसे देखने के लिए शहर के सैकड़ों भक्त पहुंचे। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर शहर में दीपावली जैसा माहौल था। शुभ मुहूर्त में प्रभु श्री राम की पहली झलक देख लोगों के आंसू छलक गए। रामभक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाए। सुबह से शहर में उत्सव जैसा नजारा दिखाई दिया। शहर भर में राम धुन, भजन और अखंड रामायण की गूंज सुनाई दी गई। मंदिरों और घरों में विशेष पूजा, सुंदर कांड सहित हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। इससे पहले प्रभात फेरियां निकली गईं। प्राण प्रतिष्ठा के साथ शहर सहित आसपास के मंदिरों में भगवान राम की उत्साह और आतिशबाजी के साथ आरती की गई। उसके पहले पुरा शहर सजधज कर तैयार हो गया था। सुबह से भगवान राम व हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में चारों और धार्मिक आयोजन हो हुए। सुबह से राम मंदिरों में प्रभु श्री राम की महाआरती का दौर जारी रहा। कई जगह जमकर आतिशबाजी की गई। हर तरफ उत्साह का माहौल दिखाई दिया। कई जगह भंडारे आयोजित किए गए। कई जगह प्रसादी के रूप में मिठाई बांटी गई।

### जवेरी श्री राम मंदिर में राम स्तुति

प्राचीनतम व गौरवशाली जवेरी श्रीराम मंदिर में सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में व्यवस्थापक ट्रस्टी के मार्गदर्शन में राम स्तुति, आरती व दीप दर्शन का आयोजन किया गया। मंदिर में दिनभर उत्सव का माहौल रहा। मंदिर को सैकड़ों दीपको से रोशनी के बीच भगवान का अलौकिक श्रृंगार, रंग बिरंगी के बीच फव्वारा और रांगोली में चित्रित राम भगवान विशेष आकर्षक का केद्र रहा। दर्शनार्थियों की लगातार भीड रही। भक्तगणो में बहुत उत्साह से स्तुति, आरती व दीपदर्शन में भाग लिया। स्तुति और आरती का एक समुह में तारतम्य उल्लेखनीय है। भक्तों ने सेल्फी व भगवान के फोटो लिए। नगर के गणमान्य लोगों के दर्शन और आरती की शोभा बढ़ाई। हजारों भक्तों की भक्ति ने भगवान का वैभव बढ़ाया। सम्पूर्ण वातावरण राममय हो गया।

### कैलादेवी मंदिर में महायज्ञ

अयोध्या में पांच सदी बाद श्री रामलला का विशाल मंदिर और उसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मां कैलादेवी मंदिर के आध्यात्मिक परिसर में मंशापूरण वीर हनुमान के समक्ष सीताराम महायज्ञ का आयोजन हुआ। संस्थापक मन्नुलाल गर्ग ने बताया कि 11 कुडीय सीताराम महायज्ञ यज्ञाचार्य नरेन्द्र पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ हुआ। जिसमें मंदिर दीपक गर्ग, अनामिका गर्ग मुख्य यजमान थे। यज्ञ में कैलादेवी मंदिर उत्सव समिति के संयोजक रायसिंह सेंधव, अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल एवं समिति के अनेक पदाधिकारी जोड़े सहित बैठे। लगभग 51 जोड़ों द्वारा आहूति दी गई। समय समय पर भक्तगणों ने भी आकर आहूतियां दी। यज्ञ में सुंदरकांड की प्रत्येक चौपाई एवं हनुमान चालीसा की चौपाई की मंत्रोच्चार के साथ आहूति दी गई। मंदिर प्रांगण में 2 करोड़ 71 लाख 11 हजार रामनाम लिखी पर्चियों का पूजन किया गया। उक्त पर्चियां अयोध्या रामलला मंदिर पहुंचाई जाएगी। भगवान रामलला के बाल स्वरूप को भव्य रंगोली में दर्शाया गया। दोपहर 12 बजे रामलला की सामूहिक महाआरती की गई जिसमें हजारों महिला पुरूष सम्मिलित थे। पश्चात गंगाजल एवं प्रसाद वितरण किया गया। संध्याकाल में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसादी ली। कैलादेवी मंदिर में रामलला की प्रतिष्ठा को लेकर भक्तों में बहुत ही उत्साह देखा गया। इस अवसर पर राजेश व्यास, चेतन उपाध्याय, देवेन्द्र बंसल, अजबसिंह ठाकुर, रमेश महाजन, गणेश पटेल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

### सजाया फूल बंगला

भगवान श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आवास नगर स्थित दुर्गा माता मंदिर में हवन-पूजन के साथ महाआरती की गई। मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन के माध्यम से किया गया। सीधा प्रसारण देखकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने। प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। दुर्गा माता मंदिर में पिछले कई दिनों से श्रद्धालु इस महा आयोजन की तैयारी कर रहे थे। सोमवार को सुबह से ही मंदिर में विशेष अनुष्ठान प्रारंभ हुए। मंदिर में फूल बंगला सजाया और छप्पन भोग लगाया गया। मंदिर समिति ने अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा के सीधे प्रसारण की व्यवस्था बड़ी स्क्रीन पर की। श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था के लिए कुर्सियां लगाई गई। सीधा प्रसारण देखते हुए कई श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। जय-जय श्रीराम के जयकारे भी पूरे कार्यक्रम में गुंजते रहे। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूर्ण होने पर महाआरती की गई। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण हुआ। उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी की। शाम को मंदिर में सुंदरकांड का पाठ हुआ एवं बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा अयोध्या में विराट मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का यह अवसर सौभाग्य से प्राप्त हुआ है। यह ऐतिहासिक दिवस है। इस अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, देवेंद्र बसंल, कैलाश दशोरे, मुकेश चौहान, सत्यनारायण पटेल, विनोद भावसार, विपुल अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, देवकरण शर्मा, राकेश सोलंकी, जितेंद्र जायसवाल, शुभम शर्मा, गजेंद्र पटेल, निखिल वरमैया, सतीश अग्रवाल, ओमप्रकाश उपाध्याय, महेशजी, बलवंतसिंह बैस सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### रामद्वारा में मनाया प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

अयोध्या में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव श्री राम द्वारा में मनाया गया।।महेश सोनी ने बताया कि श्री रामद्वारा राम मंदिर में सोमवार को उत्सव उल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रात काल मंदिर में संत राम सुमिरन, बाल संत पुनीत राम ने रामचरित मानस एवम हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। दोपहर 12.30 पर मंदिर में महा आरती की गई। इस अवसर पर विजयवर्गीय समाज जन द्वारा बाल रूप में राम सीता लक्ष्मण और हनुमान जी की आरती भी की गई। सभी भक्त जनों ने राम भगवान के भजन गाए, एवम भाव विभोर होकर नृत्य प्रस्तुत किया।प्रसाद के साथ राम नाम लिखने की पुस्तिका भी वितरित की गई।सभी भक्त जनों ने मंदिर में अयोध्या से लाइव प्रसारण भी देखा।

### जिला जेल में दीपोत्सव का आयोजन

जेल अधीक्षक जिला जेल देवास हिमानी मनवारे ने बताया कि अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जिला जेल में राम नाम की श्रृंखला बनाकर 3100 दीप प्रज्वलित कर श्री राम नाम का उद्घोष किया गया एवं महिला बंदियों द्वारा प्रभु श्री राम की रंगोली बनाकर दीप जलाए गए।













**भमोरी में ऐतिहासिक शोभा यात्रा के साथ महाआरती और भंडारे का आयोजन किया गया**

# भामोरी में बने मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्ति की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपिपल्या

राममय वातावरण में हर घर उत्साह हैं। जिसके चलते हर घर दीपक लगाए गए रंगोली सजाई गई। मंदिरों में लाइटिंग लगाई गई। घरों को सजाया गया ऐसा ऐतिहासिक दिन पहली बार देखने को मिला। ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली गई। सुबह 9 बजे भमोरी फाटा से शोभायात्रा की शुरुआत हुई। हनुमान मंदिर तक हजारों की संख्या में महिलाए भगवा साड़ी पहनकर शोभायात्रा में शामिल हुई। बच्चे, युवा, महिला पुरूष सभी शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में बने राम लक्ष्मण सीता बने रिषिका ,दिक्षा,खुशबू एवं हनुमान बने दिव्यांश आकर्षण का केंद्र बिन्दु बने रहे। खुली ट्राली में उन्हें बिठाया गया। दूसरी ट्रॉली में भगवान राधा कृष्ण की मूर्ति को भी नगर भ्रमण कराया गया। शोभा यात्रा हनुमान मंदिर से अंबिका मंदिर, गांधी चौक, नर्सिंग मंदिर, अयोध्या बस्ती होकर वापस अंबिका मंदिर होते हुए श्री कृष्ण मंदिर पहुंची। युवा, माता, बहने उत्साह से झुम उठे। शोभा यात्रा का कई परिवारों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। कृष्ण मन्दिर में पंडित सुनील पाठक ने भगवान का अभिषेक करवाकर यज्ञ किया। यज्ञ में सात जोड़ों ने भाग लिया। शोभा यात्रा जैसे ही कृष्ण मंदिर



पहुंची, वहां पर यज्ञ पूर्णाहुति के बाद हजारों की संख्या में भगवान श्री राम की महाआरती की गई।उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। फिर महाभंडारे का आयोजन हुआ।जिसमें सभी वर्ग के बच्चों युवा माता बहनों पुरुषों ने भोजन प्रसाद ली। शाम 5 बजे तक हजार लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण की।श्री राम जी की स्थापना के समय ही देव महाराज के मंदिर में भगवान राधा कृष्ण भगवान की स्थापना की गई एवं कलश भी चढ़ाया गया। समिति के सदस्य मदनलाल, देवकरण परमार, बद्रीलाल पवार ने बताया कि 15 वर्ष पहले एक दान दाता मूर्ति लाए थे, लेकिन स्थापना का संयोग नहीं बन पा रहा था आज अयोध्या में रामलाल की स्थापना के साथ ही भमौरी में विधि-विधान से देवमहाराज के मंदिर मे भगवान राधा कृष्ण मूर्ति की स्थापना की गई एवं हवन भी कराया गया।



जिसमे मूर्ति स्थापना की बोली समंदर चौहान ने 81हजार मे ली। महाआरती की बोली दिनेश बडोदिया ने 62 हजार में ली और आरती, कलश स्थापना की बोली विक्रम मालवीय पडियार ने 52 हजार 500 में ली। भगवान को मुकुट पहने की बोली 30 हजार में बडोदिया ने ली इसके पश्चात प्रसाद वितरित की गई।

## आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बिरसा ब्रिगेड ने एसडीओपी को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

बीते दिनों बागली सीएम राइज स्कूल बागली के प्राचार्य एवं एक शिक्षक के खिलाफ नाबालिक छात्रा द्वारा छेड़छाड़ के मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसमें पुलिस द्वारा पास्को एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। उसी को लेकर रविवार के दिन जय बिरसा ब्रिगेड बागली के बैनर तले आदिवासी समाज के लोगों ने एसडीओपी कार्यालय बागली पहुंचकर एसडीओपी सृष्टि भार्गव को ज्ञापन दिया। जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई है। ब्रिगेड के बेर सिंह सिंह , मुकेश बामनिया ने बताया है कि शिक्षा के मंदिर में यह कार्य निंदनीय है। इन आरोपियों द्वारा अन्य बालिकाओं के साथ भी गलत व्यवहार किया गया है, ऐसे आरोपियों को सलाखों के पीछे होना चाहिए। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सभी समाजजनों ने एकत्रित होकर एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया है।इस दौरान जगदीश, प्रकाश मकवाना,अजय मोर्य, राहुल कोरकू,अनिल, दिनेश आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### गर्भवती मजदूर महिला को मजदूरी के नुकसान की भरपाई होगी

**सीहोर।** प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना मजदूरी करने वाली गर्भवती महिलाओं को मजदूरी के नुकसान की भरपाई करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई है। मातृत्व वंदना योजना में मजदूरी करने वाली गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने की वाली माताओं के स्वास्थ्य में सुधार और उनकों नगदी प्रोत्साहन के माध्यम से अधीन पोषण के प्रभाव को कम करना है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पहले जीवित बच्चें के जन्म के दौरान लाभ मिलेगा होगा। योजना में गर्भवती महिलाओं को पहली किस्त के रूप में एक हजार रूपए पंजीकरण के समय दी जाती है।

### शहरी पथ-विक्रेता नई दिल्ली में गणंतत्र दिवस की परेड में शामिल होंगे

**सीहोर।** पीएम स्वनिधि योजना में लाभान्वित 10 शहरी पथ-विक्रेता और उनके परिजन कर्त्तव्य पथ नई दिल्ली में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की परेड में अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इन पथ-विक्रेताओं को केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने आमंत्रित किया है। जिन पथ-विक्रेताओं को आमंत्रित किया गया है, उनमें सीहोर के अलावा भोपाल, खण्डवा, रतलाम एवं रीवा के हितग्राही शामिल हैं।

## लगातार पांचवें दिन 10 डिग्री के नीचे रहा तापमान, सब्जी की फसलों को नुकसान

# कोल्ड डेः पत्तियों पर जमीं ओस की बूंदें, फसलों पर पाला पड़ने का खतरा

हवाओं की रफ्तार लगभग 12 किलोमीटर प्रति घंटा है, जिसके कारण शीत लहर का असर आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में बीते 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। सीहोर जिले में आज लगातार पांचवा दिन है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे है। 4 दिन से लगातार कोल्ड डे प्रभाव रहने के कारण ठंड का प्रकोप बढ़ा हुआ है।

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एस एस तोमर के अनुसार अभी हवाओं की रफ्तार लगभग 12 किलोमीटर प्रति घंटा है, जिसके कारण शीत लहर का असर आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि न्यूनतम तापमान आगे भी 10 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

### मौसम विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान और एडवाइजरी

बर्फीली ठंडी पछुवा एवं उत्तर-पछुवा हवा का प्रवाह होने का कारण है और इसके साथ ही समुद्र तल से 12.6 किमी ऊपर 140-160 नॉट क्रम की जेट स्ट्रीम हवाएं उत्तर भारत के मैदानी इलाकों पर कायम है। जिसके प्रभाव से 24 जनवरी तक शीत दिवस की स्थिति बने रहने की संभावना है। इसके साथ ही राज्य में न्यूनतम तापमान 2°C-3°C तक क्रमिक गिरावट के साथ 10°C से कम रहने की सम्भावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने जारी की गई एहतियात सलाह के अनुसार अधिकांश जगहों पर 14°C-16°C के बीच दर्ज किया जा रहा है। इसके साथ ही अगले 5 दिनों के दौरान राज्य के कुछ जगहों पर घने कोहरे का भी पूर्वानुमान है। मौसम के प्रभाव तथा सुझाव के अनुसार शीत दिवस की स्थिति के कारण अपेक्षित प्रभाव फ्लू, बहती बंद नाक या नाक से खून आना जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है, जो आमतौर पर शुरू होती हैं या लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने के कारण बढ़ जाता है।

**सुझावः** लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से बचें। आम जन खासकर बच्चे एवं बुजुर्गों को ठण्ड से बचने की सलाह दी जाती है। गर्म कपड़े धारण करें तथा गर्म पेय पदार्थ का सेवन करें। प्रभाव कंपकंपी को नजर अंदाज न करें।



## प्री-प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश शुल्क शून्य, केवल ट्यूशन फीस देकर मिलेगा प्रवेश

**सीहोर।** सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर और प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के हर्षोल्लास के अवसर पर समरिटंस परिवार ने स्कूल में प्री प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले सभी बच्चों को रामलला स्वरूप मानकर उनकी प्रवेश शुल्क शून्य कर दी है। समूह के सभी आठ विद्यालयों में नर्सरी, केजी वन और केजी टू के सभी रामललाओं (बालक एवम बालिका दोनों) को बिना किसी प्रवेश शुल्क के प्रवेश दिया जाएगा। जबकि कक्षा पहली से 12वीं तक के नव प्रवेशी रामललाओं (बालक एवम बालिका दोनों) को प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसे 'श्रीरामलला प्रवेशोत्सव योजना' नाम दिया गया है। यह योजना 22 जनवरी से भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से 10 फरवरी 2024 तक के लिए ही है। इस बात की घोषणा रविवार को समूह के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा ने की।भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर निर्माण पर हर्ष व्यक्त करते हुए डा शर्मा ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बन रहे हैं। ऐसे में हम इस पुनीत अवसर पर प्रत्यक्ष जुड़ना चाहते थे। इसलिए मन में यह विचार आया और इस साल प्रवेश के लए आने वाले विद्यार्थियों को रामलला संबोधित किया जाए और प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की स्मृतियों को स्थाई बनाने के लिए प्रवेश शुल्क में कुछ छूट दी जाए।

उन्होंने कहा कि हालांकि विद्यालय की भवन और अन्य सुविधाओं को दृष्टि में रखते हुए इस योजना के लिए कुछ नियम निर्धारित किए गए हैं। योजना के तहत सभी कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीट्स ग्रामीण क्षेत्र के रामललाओं के लिए आरक्षित रखी गई हैं। योजना में किसी भी प्रकार की अनुशंसा मान्य नहीं होगी। योजना का लाभ पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ही लिया जा सकता है। योजना के लाभार्थी रामललाओं की ट्यूशन और गतिविधि फीस पूर्ववत रहेगी।

## जनपद सम्मेलन में शामिल होंगे पंडित प्रदीप मिश्रा



**सीहोर।** संस्कृत भारती जिला सीहोर मध्य भारत प्रत्येक तीन वर्ष में संस्कृत ज्ञाता एवम संस्कृत अनुरागियों के लिए जनपद सम्मेलन का आयोजन करता है। इसी कड़ी में संस्कृत भारती जिला सीहोर जनपद सम्मेलन का आयोजन दिनांक 24 जनवरी को सुबह 11:00 बजे स्थानीय शासकीय चंद्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल नाका सीहोर में आयोजित करने जा रहा है। जनपद सम्मेलन में सारस्वत अतिथि के रूप में भागवत भूषण पंडित श्री प्रदीप मिश्रा जी शामिल होगें। मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री करण सिंह वर्मा राजस्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन , अतिथि के रूप में सुदेश राय विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष विकास राठौर प्रिंस शामिल होंगे। जबकि पंडित पृथ्वी बल्लभ दुबे नगर पुरोहित श्री गणेश मंदिर जनपद सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर जागेश्वर पटेल प्रांत संगठन मंत्री संस्कृत भारती मध्य भारत जनपद सम्मेलन में शामिल होंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संस्कृत विज्ञान प्रदर्शनी एवम संस्कृत वस्तु प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जनपद सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आज एक जिला स्तरीय बैठक का भी आयोजन किया गया ।इसमें संस्कृत भारती के अध्यक्ष पंडित पृथ्वी बल्लभ दुबे ,जिला मंत्री राकेश सिंह , सह मंत्री सुरेंद्र सिंह यादव ,कोषाध्यक्ष श्री जितेंद्र सिंह ,शिक्षण प्रमुख श्री वी पी परमार, जिला प्रचार प्रमुख जितेंद्र राठौर ,जिला संपर्क प्रमुख लखन लाल माहेश्वरी साहित्य प्रमुख डॉ गोविंद मंसूरे,संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी नरेश मेवाडा,अभिषेक भार्गव, प्रदीप नागिया, ओम प्रकाश सेन, रवि गोपाल कृष्ण त्यागी, रमेशचन्द्र मेवाड़ा आदि उपस्थित थे। संस्कृत भारती ने सभी संस्कृत अनुरागियों से जनपद सम्मेलन में सम्मिलित होने का आह्वान किया है।

## राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन



**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राजनीति विज्ञान विभाग व आईक्यूएसी के संयुक्त रूप से ₹ लोकतांत्रिक भारत में निर्वाचनःअपेक्षाएँ एवं यथार्थ₹ विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का चंद्रशेखर आजाद शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज आयोजन किया गया।

सेमिनार का उद्घाटन सुदेश राय ने किया। विधायक राय ने कहा कि सेमिनार का विषय ₹लोकतांत्रिक भारत में निर्वाचनः अपेक्षाएँ एवं यथार्थ₹ के सैद्धांतिक पहलुओं को धरातल पर लाने के लिए हम लोग प्रतिबद्ध हैं।

डॉ. नावेद जमाल, प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली ने 'भारत में लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया, चुनौतियां एवं सम्भावनायें' विषय पर अपने विचार व्यक्त एवं रिकॉर्ड किये। छत्तीसगढ़ एवं प्रदेश के अन्य जिलों से आए अनेक प्राध्यापकों ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

## श्री नवदुर्गा उत्सव समिति कोतवाली चौराहा के तत्वावधान में निकाली गई कलश यात्रा



**सीहोर।** शहर के कोतवाली चौराहे पर श्री नव दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में शनिवार को कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के पहले दिन पंडित रमेश मुदगल ने कहा कि अयोध्या में भगवान के विराजमान हो रहे है, यह राष्ट्र के लिए गर्व की बात है। जिस प्रकार राम जी 14 वर्ष के वनवास को पूर्ण करके अयोध्या पधारे तो संपूर्ण अयोध्या वासी दीपावली उत्सव मनाने लगे आज पुनः वही स्वरूप अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का दिन है समस्त भारतवासी आज इस उत्सव को पुनः अपने जीवन में संजोग कर रख रहे। कथा के पहले दिन पंडित श्री मुदगल ने भगवान राम और भक्त हनुमान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि राम भक्त श्री हनुमान जी के नाम, जप, मनन और ध्यान में जप यज्ञ देखने समझने को मिलता है। उनके जीवन का एकमात्र लक्ष्य प्रभु श्री राम जी की सेवा, उनका ध्यान, उनके ही नाम का सिमरन करना था। उनके इस जप ने उनके अहम का सदा के लिए हनन कर उन्हें हनुमान बना दिया। जब श्रीराम जी की प्रत्यक्ष सेवा से उन्हें किंचित भी अवकाश मिलता तो उस समय वे सोते, जागते, खाते-पीते, चलते-उठते-बैठते अन्य सभी क्रियाओं के मध्य अपने अंतरतम-हृदय में राम नाम का जाप करते रहते हैं, जिसके फलस्वरुप उनके रोम छिद्रों से राम-राम की ध्वनि होती रहती है। उन्होंने कहा कि जप के द्वारा जापक को भावना अनुकूल ही अपने ईष्टदेव के दर्शन का आध्यात्मिक आनंद मिलने लग जाता है।

भगवान श्री कृष्ण ने गीता में अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए कहा है कि मैं समस्त यज्ञों में जप यज्ञ हूं। जप को भगवान का स्वरूप मानकर जप करना चाहिए। इसका एक सीधा व सरल अर्थ ये भी हुआ कि सच्चे जाप के द्वारा भक्त अंत में भगवनमय ही बन जाता है। जप का एक बहुत ही गोपनीय स्वरुप भी है।

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा।

समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी।

पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्रवाई की जा रही है।

## आमजन के लिए बैंक द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का सरलीकरण



**सीहोर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम एडीआर सेंटर भवन के सभागृह में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि आगामी नेशनल लोक अदालत 09 मार्च 2024 में अधिक से अधिक प्रकरणों के रैफर करने तथा निराकरण हेतु प्रयास किया जाए। उन्होंने बैंक द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के सरलीकरण की बात कही, ताकि वह आमजन के समझ में आ सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मुकेश कुमार दांगी ने नेशनल लोक अदालत, मध्यस्थता योजना, म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सुमन श्रीवास्तव एवं जिला न्यायाधीश संजय कुमार शाही सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

## भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में 251 दीप प्रज्ज्वलित कर की भारत माता की आरती



**सीहोर।** शहर के बस स्टैंड के समीपस्थ टाउन हाल में भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के द्वारा यहां पर स्थित भव्य भारत मां की प्रतिमा के समक्ष 251 दीप प्रज्ज्वलित कर आरती की। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय, भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, सन्नी महाजन, भाजपा महामंत्री राजकुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासी शामिल थे। इस मौके पर शनिवार की शाम को यहां पर उपस्थित क्षेत्रवासियों ने पूरी आस्था और उत्साह के साथ टाउन हाल परिसर में भव्य भारत मां की विशाल प्रतिमा के समक्ष आरती की और उसके पश्चात आतिशबाजी कर मिठाई का वितरण किया। भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम लला के विराजमान और प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जागरूकता का अभियान जारी है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा शहर सहित आस-पास के मंदिर में साफ-सफाई भी की गई थी।

## दिग्विजय सिंह बोले जब मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा उसके बाद रामलला के दर्शन करने जाएंगे



**सीहोर।** राज्यसभा सांसद व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह रविवार को सीहोर पहुंचे। उन्होंने कहा कि जब मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा,उसके बाद रामलला के दर्शन करने जाएंगे। उन्होंने कहा कि धर्म जोड़ता है और राजनीति बांटती है। अंग्रेजों ने फूट डालो की नीति अपनाई थी और इस समय भी बीजेपी कुछ ऐसा ही कर रही है। रविवार की दोपहर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सीहोर में एक आयोजन में भाग लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि जब मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा उसके बाद वह रामलला के दर्शन करने जाएंगे।दिग्विजय सिंह ने कहा कि 3 माह बाद भी प्राण प्रतिष्ठा हो सकती थी लेकिन लोकसभा चुनाव में लाभ लेने के लिए जनवरी में की जा रही है। उन्होंने कहा कि श्री राम में हिंदू तो आस्था रखते ही है लेकिन मुस्लिम और ईसाई भी श्री राम में आस्था रखते हैं क्योंकि भगवान श्री राम ने पिता का वचन निभाने के लिए वनवास जाने का फैसला किया था। मर्यादा पुरुषोत्तम राम को सभी धर्म के लोग आस्था के साथ पूजते हैं।

### शहर सहित ग्रामीण अंचलों में आवारा श्वानों के कारण बढ़ी परेशानी

# आवारा श्वान का आतंकः रोजाना दो दर्जन लोगों को निशाना बना रहे, एक साल में 9111 मामले आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहरों की गलियों से लेकर गांवों तक आवारा श्वनों का आतंक बना हुआ है, आवारा श्वान हिंसक होकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। रोजाना श्वनों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं, वहीं कई वर्षों से श्वनों को एंटीरेबीज और नसबंदी नहीं की गई है, इससे श्वनों की तादात भी बढ़ रही है। रोजाना दो दर्जन लोग श्वनों के शिकार बन रहे हैं, लेकिन रोकथाम की दिशा में जिम्मेदार कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। आंकड़े की माने तो जिले में बीते साल 2023 में 9 हजार 111 श्वनों के काटने के मामले सामने आए। जिनमें कई बार छोटे बच्चों पर घातक हमले भी श्वनों पर किए गए हैं। जिले भर के लोग आवारा और हिंसक श्वनों से परेशान हैं, बीते साल जिले भर में 9111 लोगों को आवारा और कुछ पालतू श्वनों ने काटा। इसमें सबसे अधिक श्वनों के काटने की घटनाएं सीहोर में सामने आई। जहां 2951 लोगों को श्वनों ने अपना शिकार बनाया। इसी प्रकार इछावर में 991 वहीं भेरूंदा 1974, श्यामपुर 560, आष्टा 1481, और बुधनी में 1154 लोगों को आवारा श्वनों ने काटा। इसी के साथ बिल्ली के काटने के 201 मामले सामने आए हैं, तो वहीं बंदरों 187 लोगों पर हमला किया, वहीं अन्य हिंसक जानवरों की चपेट में 237 लोग आए। इस प्रकार जिले भर में श्वान सहित भालू, सियार अन्य हिंसक जानवरों ने 9736 लोगों को काटा। श्वनों के काटने की घटनाएं जिले में ही नहीं प्रदेश में बढ़ रही है, इससे पशु चिकित्सा विभाग द्वारा एडवाइजरी भी जारी की गई है। नपा स्वच्छता प्रभारी अमित यादव का कहना है कि पशु चिकित्सा विभाग हमें पत्राचार कर बताता है, इसके बाद हम कार्रवाई करते हैं, हमारा दल उन्हें पकड़ता है, इंजेक्शन और नसबंदी का काम पशु चिकित्सा विभाग का है, इस संबंध में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉक्टर एकेएस भदोरिया का कहना है कि शहरों में नगर पालिका और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों की यह जिम्मेदारी है, हमारा विभाग डॉक्टर उपलब्ध करवाता है।

## दिव्यांगजनों को रेलवे रियायत प्रमाण-पत्र वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिले के 15 दिव्यांग जनों को रेलवे पास वितरित किए गए। जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र में मानसिक, बहुदिव्यांग एवं अस्थिबाधित दिव्यांगता तथा अन्य प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित दिव्यांग जनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

दिव्यांग जनों को जानकारी दी गई कि 80% दिव्यांगता से ग्रसित अस्थि बाधित दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्राइसिकल के नवीन आवेदन अर्जुन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किया जा रहा है। विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ दिव्यांग हितग्राहियों तक पहुंचे इसके बारे में विस्तार से बताया गया जिसमे सभी प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित दिव्यांग जनों का सामूहिक पुनर्वास किया जाकर समस्त सुविधा और रेल्वे पास बनवाकर भी दिव्यांगजनों को प्रदाय किया जाता है। 15 दिव्यांगजनों को रेलवे पास वितरित किए गए। इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग के प्रमुख श्री महेश यादव ने दिव्यांगजनों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और रेलवे पास वितरित किए।

# राम नाम में डूबा शहर, श्री राम के जयकारों से गूंजा नगर, जगह-जगह मंदिरों में किए आयोजन



भंडारे, भजन कीर्तन, महाआरती, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का हुआ पाठ। मिठाई खिलाकर, आतिशबाजी कर एक दूसरे को दी बधाई






हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का पूरा विश्व साक्षी बना शुभ घड़ी में आज प्राण प्रतिष्ठा हुई और पूरे देशवासियों ने श्री राम के अद्भुत अलौकिक दर्शन किए, इस अवसर पर शहर सहित ग्रामीण अंचलों के सभी मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए थे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन विभिन्न सामाजिक संगठनों, हिंदू संगठनों ने भंडारे प्रसादी का वितरण भी किया। शहर में सोमवार को एक अलग ही नजारा दिखाई दे रहा था शहर केसरिया रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा था ध्वज और पताका है लहरा रही थी सुबह सभी ने अपने घरों के सामने आकर्षक रंगोली भी बनाई। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को शुभ घड़ी में हुई इस अवसर पर आष्टा शहर सहित ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में दिनभर सुंदरकांडज़ हनुमान चालीसा का पाठ ,महा आरती के साथ विभिन्न आयोजन हुए और प्रसादी का वितरण किया गया। शहर के बुधवार स्थित श्री राम मंदिर में सुबह से ही एक अलग ही नजारा था राम मंदिर को भव्य सजाया गया था पूरा केसरिया रंग में नजर आ रहा था श्री राम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर श्री राम मंदिर में भी हनुमान चालीसा, महा आरती, भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था जिसमें शहर वासी शामिल हुए। वैसे तो शहर का अधिकांश क्षेत्र ध्वज और पताका से लहरा रहे थे। अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अद्भुत आलोक दर्शन के लिए शुभ घड़ी में सोमवार को 12:30 बजे श्री राम मंदिर में भी हनुमान चालीसा, महा आरती और भजन कीर्तन के आयोजन किया गए थे लोग यहां पर भजन में मंत्र मुक्त होकर नाच रहे थे भजन में खुद क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा ,समाजसेवी अनोखी लाल खंडेलवाल, आरएसएस प्रमुख गोपाल दास राठी, नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा अतुल शर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ललित नागोरी, विनीत सिंगी, पंकज नाकोड़ा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। शहर के पार्वती तट स्थित प्राचीन शंकर मंदिर में भी श्री राम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अद्भुत समय पर विभिन्न आयोजन किए गए भगवान भोलेनाथ को विशेष श्रृंगार किया गया और भगवान राम के रूप में दर्शन कराये महाआरती के साथ यहां पर प्रसादी का वितरण किया गया मंदिर में अभिषेक भी किया गया इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, महंत हेमंत गिरी, राजेश्वर बाबा, शंकर मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुदीप जायसवाल, आरएसएस प्रमुख गोपाल दास राठी, मुकेश ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। वही शहर के खेड़ापति हनुमान मंदिर पर भी भजन कीर्तन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो सुबह से लेकर शाम तक चलता रहा।शहर के सब्जी मंडी स्थित चित्रगुप्त मंदिर ,बड़ा बाजार स्थित गणेश मंदिर, काछीपुरा स्थित राधा कृष्ण मंदिर ,राठौर मंदिर ,श्रीराधा कृष्ण मंदिर बुधवारा, श्री राम मंदिर बुधवारा, बुधवारा स्थित गुरुद्वारा, जैन मंदिर, बाबा रामदेव मंदिर साई कॉलोनी, श्री बाबा रामदेव मंदिर गल चौराहा,लक्ष्मी मंदिर गंज चौराहा, मंडी स्थित हनुमान मंदिर लक्ष्मी मंदिर, खेड़ापति मंदिर, खेड़ापति मंदिर तालाब सहित शहर के सभी मंदिरों में महा आरती के साथ ही अनेक आयोजन किया गए थे। वही श्री राम मंदिर बुधवारा और बुधवारा ग्रुप ने भंडारे का अयोजन किया तो खेड़ापति हनुमान मंदिर पर भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु भोजन प्रसादी लेने पहुंचे। वही श्री काछीपुरा के श्री राधा कृष्ण मंदिर में भगवान का अभिषेक कर आरती की गई तो महिलाओ ने भजन कीर्तन कर भगवान की भक्ति में लीन हुए। इस दौरान पूर्व माखन कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, पटेल मनोज पटेल, अशोक कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सुबह से महिलाओं, युवतियों ने अपने घरों के आगे सुंदर सुंदर आकर्षक रंगोली बनाई तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदस्यों ने सब्जी मार्केट चौराहे पर निकलने वाले लोगों को तिलक लगाकर प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी। वही बस स्टेंड पर व्यापारियो ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। कन्नौद रोड स्थित एक्सीलेंस स्कूल में एक्स आर्मी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष शर्मा ने सुंदरकांड का आयोजन किया जिसमें स्थानीय लोगो के अलावा छात्र शामिल हुए, शहर के जैन समाज के लोगो ने पुरानी सब्जी मंडी में प्राण प्रतिष्ठा अयोजन की खुशियां मनाई और शहर भर के नागरीको को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए नज़र आए। इस दौरान सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं, स्वय सेवी संस्थाओं ने जगह-जगह प्रसादी वितरण का कार्यक्रम भी रखा। जहां पूरे देश मे अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर काफी उत्साह देखा गया तो वही शहर की नगर पालिका भी इस ऐतिहासिक पल में अपनी सेवाएं देते हुए नजर आईं जहा सुबह से पूरे नगर की सफाई व्यवस्था संभालते हुए स्वच्छ और साफ रखा गया तो भोपाल नाके पर 51 फिट का भगवा ध्वज लगाया गया वही नगर पालिका के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाकर 51 दीपक लगाए गए। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, मनीष श्रीवास्तव, कुलदीप सोनी, रोहित सोनी, पार्वती शर्मा, अरुण श्रीवास्तव सहित सफाई कर्मी मौजूद रहे।






## हवन-पूजन के साथ किए भंडारे



**खाचरोद।** सोमवार को अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन पर्व पर ग्राम खाचरोद सहित आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्र रामपुर, रोल गांव, छापर, बरघाटी, बड़कोला, अवली खेड़ा आदि गांव में हवन पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। वही सभी गांव में ऐतिहासिक जुलूस निकल गए। ग्राम खाचरोद में राम, लक्ष्मण, जानकी को रथ पर सवार कर कर बैंड बाजा के साथ जुलूस निकाला गया। जो ग्राम के राम मंदिर से शुरू होकर ग्राम के प्रमुख मार्गों से होता हुआ राम मंदिर पहुंचकर भगवान राम लाल की आरती की गई। आरती के बाद प्रसाद वितरण की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्राम के सभी भक्तजन उपस्थित थे।

## पटवारी संघ ने की तहसील परिसर में सफाई, सजाई रंगोली



**सीहोर।** अयोध्या के मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के इस ऐतिहासिक पावन मौके पर तमाम मंदिरों के साथ-साथ शासकीय कार्यालयों में भी साफ-सफाई के लिए प्रशासन ने मुहिम छेड़ी है। शनिवार को पटवारी संघ के तत्वाधान में शहर के तहसील कार्यालय में साफ-सफाई का आयोजन किया गया। इस मौके पर अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। इस क्रम में तहसील कार्यालय में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया था और रंगोली बनाई। इस मौके पर एसडीएम तनमय वर्मा, तहसीलदार भरत नायक, नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंह, राजस्व निरीक्षक अंकित तिवारी, आरती बिलाल, संतोष दरबार, श्रवण मांझी, पटवारी संघ के अध्यक्ष संजय राठौर, मुकेश इटावदिया, पवन यादव, राहुल तिवारी, नवनीत चौरसिया, कृष्णकांत, दिनेश मकोरिया, नीलेश यादव, शुभम रावत, नीरज जोशी,क्षमा भगत, प्रीति शर्मा, बुलबुल जैन, शोभा रघुवंशी, बबिता जैन, नीतू सोनी के अलावा जमादार विष्णु प्रसाद के अलावा कोटवार संघ आदि बड़ी संख्या में पटवारी शामिल थे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अयोध्या में भागवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होने जा रही है। यह अवसर हम सबके लिए दीपावली की तरह है। इसी प्रकार पिछले एक सप्ताह से पूरे शहर राममय हो गया है। श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह किसी त्यौहार से कम नही है। प्रत्येक गांव हो या नगर जहां देखों वहां केसरिया झंडों से भरा हुआ श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## हिउस के साथ ग्रामीणों ने निकाला चल समारोह



**सिद्धिगंज।** हिंदू उत्सव समिति और समस्त ग्राम वासियों द्वारा अयोध्या में राम मंदिर निर्माण होने पर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने पर समस्त ग्राम वासियों द्वारा ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए विशाल चल समारोह बड़े उत्साह के साथ बैंड बाजे डीजे के साथ नाचते गाते बड़े धूमधाम से निकला गया। चल समारोह हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार, चमन चौराहा, पुराना थाना रोड, बस स्टैंड, प्राचीन बगवाई माता मंदिर, छोटा बाजार होता हुआ हनुमान मंदिर पहुंचा। जहां पर महा आरती का आयोजन किया गया। वही चल समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम के राम मंदिर खाती मोहल्ला व गाड़ी राम मंदिर, कृष्ण मंदिर चमन चौराहा, राम मंदिर इमली चोक सहित अन्य मंदिरो में पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीणों द्वारा बड़े धूमधाम से चल समारोह निकाला गया।

### अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली शोभा यात्रा

# नगर के सभी मंदिरों में किए आयोजन, जलाए दीप




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

विगत सात दिनों से पूरे देश के सनातनियों के मन मस्तिष्क में अपार उत्साह के साथ-साथ नगर श्यामपुर में और उसके आसपास के क्षेत्रों में भी भव्य श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन जगह-जगह विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया श्री राम मंदिर माता चौक से शुरू होकर विशाल सनातनियों की शोभायात्रा नगर में निकाली गई। जिसमें घोड़ा बग्गी ढोल धमाकों के साथ श्री राम की संजीव झांकी के साथ हजारों की संख्या में भव्य और विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमे दिव्य ज्योति संस्थान के स्वामी गुरु महादेवा महाराज, श्री राम मंदिर के पुजारीघनश्याम पंडित भी यात्रा में शामिल थे। जो की नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए चोपड़ा वाले हनुमान मंदिर से होते हुए श्री राम मंदिर पाटीदार मोहल्ले में समापन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में भगवा वस्त्र पहने हुए हिंदू समाज के लोग श्री राम के भजनों पर झूमते हुए प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर भगवा ध्वज हाथ में रखकर श्री राम के जय घोष के नारे लगाते हुए शोभायात्रा में हजारों युवा जन शामिल हुए। जगह-जगह मंदिरों पर विद्युत साज सज्जा के साथ-साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया महिलाओं ने नाच गाकर श्री राम के आगमन का स्वागत उत्साह से मनाया गया।

# जय-जय श्रीराम के जयकारों के साथ अहमदपुर में निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



अयोध्या में रामलला मन्दिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर सीहोर जिले के अहमद्पुर में कलश यात्रा निकाली गई इस दौरान बड़ी संख्या में रामभक्त व मातृशक्तियां मौजूद रही। कलश यात्रा में राम-लक्ष्मण व माता सीता की वेशभूषा में बग्गी पर विरजमान किया गया। दरअसल, सोमवार को अयोध्या में होने वाली श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश मे लोगो मे हर्षोल्लास है। इसी क्रम में सीहोर जिले के ग्राम अहमद्पुर भी राममय नजर आया। लोगो में अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी देखी गई। वही समस्त ग्रामवासियों द्वारा कलश यात्रा भगवान श्री कृष्ण मंदिर से भगवान श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। जहां कलश यात्रा के समापन के बाद हवन-पूजन एवं महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में रामभक्त व मातृशक्तियां मौजूद रही। वही ग्राम अहमद्पुर में निकाली गई कलश यात्रा का सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षाकर भव्य स्वागत किया। ढोल-बाजो पर रामभक्त राममय नजर आएं। इसके अलावा पूरा गांव रामभक्ति में मय हो गया। घरो पर रामभक्तो द्वारा झड़ें लगाएं गए। शोभा यात्रा के दौरान सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 तक पूरा बाजार बंद रहा एक दिन पूर्व ही में बाजार को भगवा ध्वज से सजाया गया शोभा यात्रा के दौरान सोमवार को सभी व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखें, वही शोभा यात्रा में पूरा कस्बा भक्ति के रंग में डूब गया, शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।